मैं श्याम की दीवानी मेरी दुनिया सांवरा है

(मैं भटकूं तेरी गलियों में एक जोगन सी मुड़ मुड़ देखूं,
बस तेरा इश्क़ क़ुबूल होवे मैं तो श्याम में स्वर्ग ही देखूं।)

मेरे श्याम को बुलाओ कोई,
मुझे श्याम से मिलाओ कोई,
मेरे लिए तो कोई और नहीं मेरा संवारा है,
मैं श्याम की दीवानी मेरी दुनिया सांवरा है......

जो दिल के सौदे होते हैं,
वो बिन बोले ही हो जाते,
तेरे चेहरे में वो जादू है,
जो देखे तेरे हो जाते,
जो दिल से दिल को जोड़ देवे वो तार सांवरा है,
मैं श्याम की दीवानी मेरी दुनिया सांवरा है.....

हम तो तेरे दीवनाए हैं,
तेरी रहमतों पे पलते हैं,
कोई मेरा क्या बिगाड़ेगा,
मेरे साथ श्याम चलते हैं,
बाल ना बांका कर पाए मेरे साथ तू खड़ा है,
मैं श्याम की दीवानी मेरी दुनिया सांवरा है.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27583/title/main-shyam-ki-diwani-meri-duniya-sanwra-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |